# साइंस क्विज में सिमरन ने मारी बाजी

## आईटी बौन में अंतरराष्ट्रीय देहरादून विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव पर प्रतियोगिताएं

उत्तरकाशी। अंतरराष्ट्रीय देहरादून विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव पर प्रौद्योगिकी संस्थान बौन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्पेस साइंस क्विज के विभिन्न वर्गों में सिमरन पंवार, सुयान्स, सुबोध और विज्ञान पोस्टर में आराधना, आकाश भट्ट और अनीषा राणा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि से संबद्ध आईटी बौन में महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएफओ डीपी बलूनी व संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एचएस भदौरिया ने किया।

मुख्य अतिथि डीएफओ डीपी बलूनी ने छात्र-छात्राओं को वन एवं वन्यजीव संरक्षण की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. शंभू प्रसाद नौटियाल ने जलवायु परिवर्तन एवं पीजी कॉलेज उत्तरकाशी की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका संगल ने छात्रों को से गणित के सवाल आसानी से हल करने के बारे में बताया।

स्पेस साइंस क्विज के पहले ग्रुप कक्षा 6 से 8 में शौर्य सेमवाल दूसरे, इनोज तीसरे, 9 से 12 वर्ग में तेजस दूसरे, सर्वेश तीसरे व कॉलेज वर्ग में अभिनव सिंह दूसरे व राधिका तीसरे स्थान पर रही। वहीं, विज्ञान पोस्टर के ग्रुप कक्षा 6 से 8 में मानवी राणा दूसरे, मोनिका तीसरे, 9 से 12 में दिव्यांशु नेगी दूसरे व अदिति सेमवाल तीसरे स्थान पर रही। वहीं, कॉलेज वर्ग में मेघा रावत दूसरे और राधिका तीसरे स्थान पर रही।

इस मौके पर राकेश चंद्र, डॉ. अन्नपूर्णा सिंह, गौरव मैठाणी, डॉ. दीपक नेगी, प्रमोद बिजल्वाण, डॉ. सपना, आशुतोष कुमार, हिमानी काला, कौशल कुमार, सुनील थपलियाल, अखिलेश पडियार आदि रहे।



आईटी बौन में महोत्सव के दौरान प्रतियोगिताएं देखते छात्र-छात्राएं। संवाद

## छात्रों ने विज्ञान के मॉडलों का किया प्रदर्शन

नई टिहरी। टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में छात्रों ने विज्ञान के मॉडलों का प्रदर्शन किया। टीएचडीसी आईएचईटी में आयोजित कार्यक्रम का टीएचडीसी के एजीएम डीपी पात्रो, यूकॉस्ट के संयुक्त निदेशक डॉ. डीपी उनियाल और आयोजन समिति के सचिव कुंवर राज अस्थाना ने शुभारंभ किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके प्रधान ने संस्थान में विज्ञान, हाइड्रोपावर, ड्रोन से लेकर अन्य तकनीकी शिक्षा के बारे में हो रही गतिविधियों की जानकारी दी। पौड़ी डायट के डॉ. नारायण प्रसाद उनियाल ने मैजिक ऑफ मैथ्स के नए गुर सिखाए। प्रदर्शनी में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, विज्ञान पोस्टर, मैजिक ऑफ मैथ्स, मीट द साइंटिस्ट, ड्रोन तकनीक,बौद्धिक संपदा अधिकार और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक हिमांशु नौटियाल, डॉ. सुलक्षणा शर्मा, डॉ. रमना त्रिपाठी, नितिन गुप्ता, अभय पाल, समीर वर्मा आदि मौजूद थे। संवाद

# क्विज में सिमरन सुयांश व सुबोध रहे अव्वल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

उत्तरकाशी।

प्रौद्योगिकी संस्थान बौन में आयोजित पांचवें अंतर्राष्ट्रीय देहरादून विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव में स्पेस सांइस क्विज में प्रथम ग्रुप कक्षा 6 से 8 में एचआइएम क्रिश्चयन एकेडमी मातली की सिमरन पंवार प्रथम, शौर्य सेमवाल द्वितीय व इनोच तृतीय रही।

वहीं कक्षा 9 से 12 के द्वितीय ग्रुप में एमडीएस उत्तरकाशी के सुयांश, तेजस रावत तथा जीआइसी मातली के सर्वेश नौटियाल अव्वल रहे। डिग्री कालेज ग्रुप के तृतीय ग्रुप में राजकीय पॉलिटेक्निक उत्तरकाशी के सुबोध प्रथम, अभिनव द्वितीय व पीजी कालेज उत्तरकाशी की राधिका तृतीय रही। विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम ग्रुप में यूपीएस बौन की आराधना प्रथम, एचआईएम क्रिश्चयन एकेडमी की मानवी राणा द्वितीय, यूपीएस बौन की मोनिका तृतीय, ग्रुप द्वितीय में जीआईसी मातली के आकाश, एमडीएस मातली के दिव्यांशु व अदिति सेमवाल तथा ग्रुप तृतीय में पीजी कालेज से अनीशा राणा, मेधा रावत व पॉलिटेक्निक कालेज की राधिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।



प्रौद्योगिकी संस्थान बौन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं।

# को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया

## प्रौद्योगिकी संस्थान बौन में पांचवें अंतरराष्ट्रीय देहरादून विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का आयोजन

**उत्तरकाशी/एसएनबी।** प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी में मंगलवार को पांचवें अंतरराष्ट्रीय देहरादून विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एचएस भदौरिया ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को विज्ञान और तकनीकी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक भदौरिया ने इस महोत्सव की थीम 'लाइटिंग यंग माइंड टू इनोवेट' को समझाते हुए राज्य भर में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्पेस साइंस क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता, सांइस मॉडल एग्जिबिशन, मिट द साइंटिस्ट वर्कशॉप एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी वर्कशॉप का अयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ हिमांशु राणा, शैलेन्द्र सिंह, गौरव शुक्ला ने रोबोटिक्स, ड्रोन, आइओटी, ह्यूमनोइड के अनुप्रायोग के बारे में जानकारी दी।

महोत्सव के मुख्य अतिथि डीएफओ उत्तरकाशी डीपी बलूनी ने विज्ञान और तकनीकी कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना कर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को इस क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही वन संरक्षण उपयोगिता के बारे में छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. शम्भू प्रसाद नौटियाल ने जलवायु परिवर्तन विषय पर जलवायु परिवर्तन के बारे में छात्रों को बताया।

डा. प्रियंका संगलने छात्रों को मैजिक मैथ के माध्यम से गणित के सवालों को आसानी से हल करने की विधि बतायी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेज के लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालक राकेश चन्द्र, डॉ अन्नपूर्णा सिंह, गौरव मैठाणी, डा. दीपक नेगी, प्रमोद बिजल्वाण, डा. सपना, आशुतोष कुमार, हिमानी काला, कौशल कुमार, सुनील थपलियाल, अखिलेख पडियार आदि उपस्थित रहे।

भी हो चुके हैं। गंगोत्री राष्ट्रीय

# प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने को किया प्रोत्साहित



प्रौद्योगिकी संस्थान बीन उत्तरकाशी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव में विज्ञान एवं तकनीक से जुड़े माडल देखते छात्र-छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, उत्तरकाशी : प्रौद्योगिकी संस्थान बीन, उत्तरकाशी में पांचवां अंतरराष्ट्रीय देहरादून विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में स्पेस साइंस क्विज, पोस्टर कंपटीशन, साइंस माडल एग्जिबिशन, मीट द साइंटिस्ट एवं ड्रोन टेक्नोलाजी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तरकाशी जिले के विभिन्न स्कूल, कालेज के 300 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

संस्थान के निदेशक प्रो. एचएस भदौरिया ने इस महोत्सव की थीम 'लाइटिंग यंग माइंड टू इनोवेट' को समझाया। साथ ही राज्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उत्तरकाशी के प्रभागीय वनाधिकारी डीपी बलूनी ने वन संरक्षण की उपयोगिता से अवगत करवाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. शंभू प्रसाद नौटियाल ने जलवायु परिवर्तन विषय पर जानकारी दी। पीजी कालेज उत्तरकाशी से डा. प्रियंका संगल ने छात्रों को वैदिक मैथ के माध्यम से गणित के सवालों को आसानी से हल करने की विधि बताई।

इस अवसर पर कार्यक्रम संचालक राकेश चंद्र, डा. अन्नपूर्णा सिंह, हिमांशु राणा, शैलेन्द्र सिंह, गौरव [illegible], गौरव पैन्यूली, डा. दीपक नेगी, प्रमोद बिजल्वाण, डा. सागर, आशुतोष कुमार, हिमानी काला, कौशल कुमार, सुनील थपलियाल, अखिलेश पडियार मौजूद रहे।

## स्पेस साइंस क्विज में हिमवान, सुयश व सुबोध अव्वल

उत्तरकाशी : स्पेस साइंस क्विज में ग्रुप ए में प्रथम स्थान हिमवान पंवार, द्वितीय स्थान शौर्य सेमवाल और तृतीय स्थान पर इवेंच रहे। तीनों छात्र हिम क्रिश्चियन एकेडमी मातली उत्तरकाशी के छात्र हैं। ग्रुप बी में एमडीएस उत्तरकाशी के सुयश चिन्हियाल प्रथम, द्वितीय तेजस सिंह रावत, तृतीय स्थान पर सर्वेश नौटियाल जीआइसी मातली रहे। ग्रुप सी में पालीटेक्निक कालेज उत्तरकाशी के सुबोध प्रथम, द्वितीय अभिनव सिंह और तृतीय स्थान पर पीजी कालेज उत्तरकाशी की राधिका रही। विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता ग्रुप ए में यूपीएस बीन की आराधना प्रथम, हिम क्रिश्चियन एकेडमी मातली की मानवी राणा द्वितीय, यूपीएस बीन की मोनिका तृतीय रही। ग्रुप बी में जीआइसी मातली का आकाश भट्ट, एमडीएस का दिव्यांशी नेगी द्वितीय और आदित्य सेमवाल तृतीय रहा। ग्रुप सी में पीजी कालेज उत्तरकाशी की अनीशा राणा प्रथम व मेघा रावत द्वितीय, पालीटेक्निक कालेज की राधिका तृतीय रही।